ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर, नैनीताल।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / डा0प्रौ0 / 738-847/2022-23 दिनांक 05 दिसम्बर 2022

विषय : **हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) परीक्षा वर्ष 2023 के परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन हेतु ऑन–लाइन पोर्टल खोले जाने विषयक।**

महोदय,

उक्त विषयक आपको अवगत कराना हैं कि **हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) परीक्षा वर्ष 2023 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाइन भरे गये थे।** कतिपय विद्यालयों द्वारा इस कार्यालय से बार–बार अनुरोध किया जा रहा है कि उनके द्वारा कुछ परीक्षार्थियों के विषयों की अंकना त्रुटिपूर्ण कर दी गयी है जिसमें संशोधन किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध मे सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि **व्यापक छात्र हित में त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल दिनांक 07 दिसम्बर 2022 से दिनांक 14 दिसम्बर 2022 की मध्य रात्रि तक खुला रहेगा। इस अवधि में विद्यालय अपनी यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड** (यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड पूर्ववत ही रहेगा) **से लॉग–इन (Login) कर निम्न फील्ड में संशोधन कर सकेंगे–**

- विद्यालय प्रौफाइल में : 1.विद्यालय के नाम **(School Name)**
- विद्यार्थी डाटा में : 1.लिंग **(Gender)**
  2.विषय **(Subject)**

संशोधन हेतु आवश्यक निर्देश –

1- **विद्यालय के नाम (School Name) में संशोधनः–** यदि विद्यालय के नाम में कोई त्रुटि हो तो उसे (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में) सही किया जा सकता है। **सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी के प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र में हिन्दी एवं अंग्रेजी में जैसा विद्यालय का नाम अंकित / मुद्रित होना है ठीक वैसा ही नाम यहॉ पर अंकित किया जाय।**

उदाहरणार्थ यदि परीक्षार्थी के प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र में विद्यालय का नाम हिन्दी में रा0इ0का0 रामनगर नैनीताल और अंग्रेजी में G.I.C. RAMNAGAR NAINITAL अंकित / मुद्रित किया जाना है तो–हिन्दी वाले बॉक्स में **रा0इ0का0 रामनगर नैनीताल** एवं अंग्रेजी वाले बॉक्स में **G.I.C. RAMNAGAR NAINITAL** अंकित किया जाय।

नोट : यदि विद्यालय का नाम पूर्व से सही अंकित है तो उसे संशोधित करने की आवश्यकता नहीं है।

2- **विद्यार्थी डाटा में संशोधन** : विद्यार्थी डाटा में **लिंग (GENDER) एवं विषय (SUBJECT) में कोई त्रुटि होने पर उसमें संशोधन किया जा सकेगा।**
विद्यालय द्वारा आवश्यक्तानुसार उक्त संशोधन दिनांक 07 दिसम्बर 2022 से 14 दिसम्बर 2022 तक की अवधि में ऑन–लाइन किये जायेगे।

3. उक्त संशोधनोपरांत विद्यालय से पंजीकृत विद्यार्थियों की नामावली (ऑन–लाइन उपलब्ध है) डाउनलोड कर उसकी जॉच गंभीरता से कर लें। **यदि उक्त लिंग (GENDER) एवं विषय (SUBJECT) के अतिरिक्त विद्यार्थी (STUDENT) डाटा में कोई त्रुटि हो तो उसे संलग्न प्रारूपों पर (हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की पृथक–पृथक) सुस्पष्ट रूप से तैयार कर परिषद् की** E-mail ID- uk.int.high@gmail.com **पर दिनांक**

15 **दिसम्बर** 2022 **तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।** दिनांक 15 दिसम्बर 2022 के पश्चात किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप उक्तानुसार अपने जनपद के समस्त प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों को अवगत कराते हुये **निर्धारित समयावधि के अनुसार उक्त कार्य पूर्ण करवाने का कष्ट करें। इसके उपरान्त भी यदि कोई त्रुटि परिलक्षित होने पर इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक का होगा।**

भवदीय

07/12/2022

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।

पृ0सं0:– उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/डा0प्रौ0/ 738-847/2022-23 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सभापति/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।
3. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, शासकीय/शासकीय सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त विद्यालय उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।

07/12/2022

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।

हाईस्कूल (कक्षा 10) संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 2023
आवेदन पत्र में वांछित संशोधनों का विवरण

जनपद कोड : ....विद्यालय का कोड : .... विद्यालय का नाम : ....

क्र0 स0	परीक्षार्थी का ऑनलाइन स्कॉलर रजिस्टर क्रमांक/अनुक्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	त्रुटि का प्रकार	अशुद्ध प्रविष्टि	शुद्ध प्रविष्टि
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*

इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 2023
आवेदन पत्र में वांछित संशोधनों का विवरण

जनपद कोड : ....विद्यालय का कोड : .... विद्यालय का नाम : ....

क्र0 स0	परीक्षार्थी का ऑनलाइन स्कॉलर रजिस्टर क्रमांक/अनुक्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	त्रुटि का प्रकार	अशुद्ध प्रविष्टि	शुद्ध प्रविष्टि
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*